ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE
24, AKBAR ROAD, NEW DELHI
COMMUNICATION DEPARTMENT

Highlights of Video Message **12 Oct, 2020**

#SpeakUpForWomenSafety Campaign- Shri Rahul Gandhi gave the video message today.

श्री राहुल गांधी ने कहा- भाइयों और बहनों, नमस्कार!

जैसा आप जानते हैं, कुछ दिन पहले मैं हाथरस गया, जाते वक्त मुझे रोका गया, पहली बार अरेस्ट कर दिया गया, दूसरी बार मैं चला गया। मुझे बात समझ नहीं आई, मुझे रोका क्यों जा रहा है? मुझे उस परिवार को मिलने क्यों नहीं दिया जा रहा है? उनकी बेटी की हत्या हुई, उनकी बेटी का बलात्कार हुआ, मुझे क्यों रोका जा रहा है? जैसे मैं उस घर के अंदर पहुंचा, जैसे ही मैंने परिवार से बात करनी शुरु की, बात समझ आई।

सरकार ने पीड़ितों पर आक्रमण शुरु कर रखा था। अपराधियों की मदद सरकार का काम नहीं होता है, अपराधियों की रक्षा सरकार का काम नहीं होता है। सरकार का काम पीड़ितों को न्याय देने का होता है, अपराधियों को जेल में डालने का होता है। ये काम उत्तर प्रदेश की सरकार नहीं कर रही थी, इसलिए मुझे रोका गया।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ, सरकार को कहना चाहता हूँ, आप अपना काम करना शुरु कीजिए, अपराधियों को जेल में डालने का काम कीजिए, पीड़ितों को बचाने की और उनकी रक्षा करने का काम शुरु कीजिए। ये सिर्फ एक महिला की कहानी नहीं है, ये हिंदुस्तान में लाखों महिलाओं की कहानी है। लाखों महिलाएँ सरकार की ओर देख रही हैं और सरकार अपना काम नहीं कर रही है।

हम सबको सरकार पर दबाव डालना है। समाज को बदलना है, क्योंकि जो हमारी माताएँ और बहनों के खिलाफ इस देश में किया जाता है, वो सरासर अन्याय है।

धन्यवाद,

जयहिंद।

Sd/-
(Dr. Vineet Punia)
Secretary
Communication Deptt,
AICC